BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

Class - 5

Subject : HINDI COURSE BOOK

पाठ – 14 एवरेस्ट शिखर

1. शब्दार्थ :–

शिखर	–	चोटी
सर्वेक्षण	–	जाँच करने वाला
स्थल	–	स्थान
हिम स्खलन	–	बर्फ का खिसकना
पताका	–	झंडा
अनुमान	–	अंदाजा
समुद्र–तल	–	समुद्र की सतह
जोखिम	–	खतरा
पर्वतारोही	–	पर्वत पर चढ़ना
प्रशिक्षण	–	सीखना

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. धरती का सबसे ऊँचा स्थान कौन–सा है?

उत्तर धरती का सबसे ऊँचा स्थान माउंट एवरेस्ट है।

ख. 'माउंट एवरेस्ट' का नाम किसके नाम पर रखा गया है?

उत्तर 'माउंट एवरेस्ट' का नाम ब्रिटिश सर्वेक्षण अधिकारी सर जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर रखा गया है।

ग. किसी भी स्थान की ऊँचाई को मापने के लिए किसे आधार बनाया जाता है?

उत्तर किसी भी स्थान की ऊँचाई को मापने के लिए समुद्र–तल को आधार बनाया जाता है।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. 'माउंट एवरेस्ट' की खोज किसने की थी?

उत्तर 'माउंट एवरेस्ट' की खोज सर जॉर्ज एवरेस्ट ने सन् 1856 ई० में की।

ख. माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना जोखिम भरा कार्य क्यों है?

उत्तर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना जोखिम भरा कार्य है क्योंकि वहाँ ऑक्सीजन की कमी होती है। कभी–कभी वहाँ बर्फ की चट्टानें अचानक तेजी से टूट–टूटकर झरने की तरह नीचे गिरने लगती है।

ग. एवरेस्ट को भारत और नेपाल में किस नाम से जाना जाता है?

उत्तर एवरेस्ट को भारत में 'गौरी–शंकर' तथा नेपाल में 'सगर–माथा' के नाम से जाना जाता है।

घ. एवरेस्ट पर सर्वप्रथम कौन और कब चढ़ने में सफल रहा?

उत्तर एवरेस्ट पर सर्वप्रथम एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे 29 मई 1953 में चढ़ने में सफल रहे।

ङ एवलांच या हिम स्खलन किसे कहते हैं?

उत्तर एवरेस्ट पर कभी–कभी बर्फ की चट्टानें अचानक तेजी से टूट–टूट कर झरने की तरह नीचे गिरने लगती है। इसे ही एवलांच या हिम स्खलन कहते हैं।

4. मूल्यपरक प्रश्न :–

प्रश्न किसी भी महान कार्य को करने के लिए साहस व दृढ़ निश्चय की आवश्यकता क्यों होती है?

उत्तर किसी भी महान कार्य को करने के लिए साहस व दृढ़ निश्चय की आवश्यकता होती है ताकि जब हमारे सामने कोई मुसीबत या चुनौत आए तो हम डट कर उसका सामना कर सकें।

5. सही विकल्प पर शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए –

क. समुद्र–तल से एवरेस्ट की चोटी कितनी ऊँची है?

✓ 8848 मीटर　　8949 मीटर　　7848 मीटर

ख. माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली विश्व की पहली महिला कौन थी?

✓ जुंको ताबेई　　बछेंद्री पाल　　पी० टी० उषा

ग. माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली भारत की पहली महिला कौन थी?

✓ बछेंद्री पाल　　जुंको ताबेई　　कल्पना चावला

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

क. <u>सर जॉर्ज</u> एवरेस्ट के नाम पर माउंट एवरेस्ट का नाम पड़ा।

ख. माउंट एवरेस्ट <u>नेपाल</u> और <u>तिब्बत</u> के बीच में स्थित है।

ग. <u>बछेंद्री पाल</u> ने 23 मई, 1984 को एवरेस्ट पर तिरंगा लहराया था।

घ. ऊँचाई पर <u>ऑक्सीजन</u> कम होती है।